प्रेस नोट दिनांक 19.02.2025
थाना भमौरा जनपद-बरेली

थाना भमौरा,बरेली पुलिस व ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली की संयुक्त कार्यवाही में मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे सक्रिय गिरोह के 02 सदस्य को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से 05 किलोग्राम अवैध अफीम (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 50 लाख रुपये), 02 मोबाईल फोन व 2350/- रुपये नकद बरामद ।

श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय, एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स मुख्यालय लखनऊ उत्तर प्रदेश एवं पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ए0एन0टी0एफ0 महोदय के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक ए0एन0टी0एफ मेरठ जोन मेरठ के पर्यवेक्षण में थाना भमौरा,बरेली पुलिस व ए०एन०टी०एफ० यूनिट बरेली द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 02 सक्रिय तस्करों को दिनांक 19.02.2025 को आलमपुर जाफराबाद में स्थित बमियाना तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के कब्जे से 05 किलोग्राम अवैध अफीम (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 50 लाख रुपये) व 02 मोबाईल फोन व 2350 रुपये नकद बरामद किये गये । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना-भमौरा जनपद बरेली पर मु0अ0सं0- 62/2025 धारा-8/18/29 एनडीपीएस एक्ट, 1985 का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगणों से पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्त ओमवीर ने बताया कि मैं, वीरेन्द्र , हुकुम सिंह निवासी ग्राम सैनपुर थाना दातागंज जनपद बदायूँ तथा महावीर पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम सल्लननगर थाना बिनावर जनपद बदायूँ के लिए अफीम सप्लाई करने का काम करते हैं। महावीर तथा हुकुम सिंह स्थानीय किसानों व झारखण्ड से अफीम खरीदकर लाते हैं तथा हम दोनों उस अफीम को दिल्ली तथा पंजाब में सप्लाई करते हैं आज यह अफीम हमें महावीर तथा हुकुम सिंह ने इन बैगों में करके दी थी तथा साथ ही साथ दोनों को की-पैड मोबाईल लाकर दिये थे तथा हमारा मोबाईल जमा कर लिया था । महावीर तथा हुकुम सिंह ने हमसे कहा था कि तुम दिल्ली चले जाओ, दिल्ली पहुँचकर फोन करना, आगे कहाँ जाना है, हम बता देंगे । हम दोनों बरेली से दिल्ली की बस पकड़ने वाले थे तथा यहाँ से बरेली जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रहे थे ।

गिरफ्तार अभियुक्त गण का विवरण-

1. ओमवीर पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम सैनपुर थाना दातागंज जनपद बदायूँ
2. वीरेन्द्र पुत्र पातीराम निवासी ग्राम सल्लननगर थाना बिनावर जनपद बदायूँ

वांछित अभियुक्त गणों का विवरण-

1. हुकुम सिंह पुत्र मुंशी निवासी ग्राम सैनपुर थाना दातांगज जनपद बदायूँ
2. महावीर पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम सल्लननगर थाना बिनावर जनपद बदायूँ

बरामदगी का विवरण-

1. कुल 05 किलोग्राम अवैध अफीम (अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 50 लाख रुपये)।
2. 02 अदद मोबाईल फोन ।
3. 2350/- रुपये नकद ।
4. 01 आधार कार्ड।

<u>गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम का विवरण-</u>
ए०एन०टी०एफ० टीम यूनिट बरेली

1.उ0नि0 श्री विकास यादव तैनाती ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली
2.हे0का0 दिनेश कुमार तैनाती ए.एन.टी.एफ. मुख्यालय लखनऊ
3.का0 सौरभ चौधरी तैनाती ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली
4.का0 कुश कुमार ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली
5.का0 रसविन्द्र चौधरी ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली
6. का0 विनीत कुमार ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली
7. का0 अंकित यादव ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली
7.म0का0 छाया ए.एन.टी.एफ. यूनिट बरेली

<u>पुलिस टीम थाना- भमौरा जनपद बरेली</u>

1.उ0नि0श्री विकास यादव थाना भमौरा जनपद बरेली
2.उ0 नि0 लाल बहादुर थाना भमौरा जनपद बरेली
3. उ0नि0 यू0टी0 योगेश प्रताप थाना भमौरा जनपद बरेली।

<u>टीम सर्विलांस ए.एन.टी.एफ मुख्यालय लखनऊ</u>

1.एस.आई.एम राजेश मिश्रा (सर्विलांस प्रभारी) मय सर्विलांस टीम ए.एन.टी.एफ. मुख्याल लखनऊ ।